भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 751
उत्तर देने की तारीख: 12/12/2022

बोटाद के नवोदय विद्यालय में शिक्षकों की कमी

751. डॉ. भारतीबेन डी. श्याल:

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बोटाद के (गुजरात) नवोदय विद्यालय में शिक्षकों की कमी है, जिससे छात्रों की शिक्षा प्रभावित हो रही है;
(ख) यदि हां, तो विद्यालय में शिक्षकों की कमी कब तक पूरी कर ली जायेगी;
(ग) क्या सरकार को इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से कोई शिकायत आदि प्राप्त हुई है; और
(घ) यदि हां, तो उस पर की-गई-कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (घ): जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी), बोटाद (गुजरात) को 01.12.2017 को कार्यात्मक बनाया गया था और यह छठी से दसवीं (प्रत्येक में एक सेक्शन) तक की कक्षाओं वाले अस्थायी भवन में कार्य कर रहा है। नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) ने सूचित किया है कि जेएनवी, बोटाड में शिक्षकों के 13 पद स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 09 शिक्षकों को नियमित आधार पर पदस्थापित किया गया है। रिक्यिां समय-समय पर स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति आदि के कारण उत्पन्न होती हैं। रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है और प्रासंगिक भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार रिक्तियों को भरने का प्रयास किया जाता है। शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया में कोई बाधा न आए, यह सुनिश्चित करने के लिए एनवीएस द्वारा अस्थायी अवधि के लिए शिक्षकों को अनुबंध के आधार पर भी नियुक्त किया गया है। वैसे इस संबंध में जनप्रतिनिधि की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है।

*****